भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2056
दिनांक 03.03.2020/ 13 फाल्गुन, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

सीमा पर बाड़ लगाना

†2056. डॉ॰ (प्रो॰) महेन्द्र मुंजपराः
श्री रेबती त्रिपुराः
श्री श्याम सिंह यादवः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल सहित सभी संवेदनशील राज्यों की भारत-बांग्लादेश और भारत-पाकिस्तान सीमा पर बाड़ लगाने का कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं किया जा सका है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और कार्य निर्धारित समय से पूरा न हो पाने का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) बाड़ लगाने का शेष कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार के पास वर्ष 2014 से आज की तिथि तक भारत-बांग्लादेश सीमा से घुसपैठ के बारे में कोई जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का कार्य विभिन्न कारणों से पूरा नहीं किया जा सका, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ दुर्गम भूभाग, नदी तटीय और दलदली भूमि, कम कामकाजी मौसम, भूमि के अधिग्रहण संबंधी समस्याएं, लोगों द्वारा विरोध और सीमा रक्षक बांग्लादेश द्वारा आपत्तियां शामिल हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बाड़ लगाने का कार्य नदी तटीय/दलदली भूमि सहित दुर्गम भूभाग के कारण पूरा नहीं किया जा सका। सरकार कार्य की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी करती है।

लो.स.अ.प्र.सं. 2056

बाड़ लगाने के कार्य का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(लम्बाई किमी. में)

राज्य	कुल अंतर्राष्ट्रीय सीमा	बाड़ द्वारा कवर की गई अंतर्राष्ट्रीय सीमा	शेष
भारत-पाक सीमा			
जम्मू और कश्मीर	191.660	187.550	4.110
पंजाब	553.000	542.741	10.259
राजस्थान	1037.000	1037.000	0.000
गुजरात	508.000	273.268	234.732
कुल	**2289.66**	**2040.559**	**249.101**
भारत-बांग्लादेश सीमा			
पश्चिम बंगाल	2216.700	1637.048	579.652
असम	263.000	208.096	54.904
मेघालय	443.000	324.429	118.571
मिजोरम	318.000	155.077	162.923
त्रिपुरा	856.000	790.424	65.576
कुल	**4096.7**	**3115.074**	**981.626**

(घ): अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए सीमा रक्षक बल नियमित गश्त तथा नाके लगाते हैं और जांच चौकियां स्थापित करते हैं तथा सुरंग-रोधी अभ्यास आयोजित करते हैं। तथापि, कुछ घुसपैठिए मुख्य रूप से बांग्लादेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के कुछ भागों में ऐसे दुर्गम नदी- तटीय भूभाग के कारण चोरी-छिपे तथा गुप्त तरीके से प्रवेश करने में सफल हो जाते हैं, जो भौतिक रूप से बाड़ लगाने के अनुकूल नहीं हैं। पिछले 6 वर्षों के दौरान भारत-बांग्लादेश सीमा पर गिरफ्तार किए गए घुसपैठियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	**2014**	**2015**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**	**2020 (22 फरवरी तक)**
कुल	**2455**	**3426**	**2075**	**1175**	**1118**	**1351**	**183**

******